हरियाणा विधान सभा

वीरवार, 03 मार्च, 2022

को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले

अतारांकित प्रश्न

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढ़ाना

679. **श्री सीता राम यादव, एम. एल. ए.:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे—

(क) क्या अटेली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढाकर उप मण्डल स्तरीय अस्पताल करने तथा अमले के लिए अटेली में सरकारी आवास निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है ?

......................

## मनरेगा योजना के अंतर्गत विकास कार्यों की संख्या

623. **डा० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम. एल. ए.:** क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) वित्तीय वर्ष 2020—21 तथा 2021—22 के दौरान जींद जिले में मनरेगा योजना के अंतर्गत पूरे किए गए विकास कार्यों की संख्या कितनी है तथा उपरोक्त विकास कार्यों पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) जींद जिले में रोजगार कार्ड धारकों की कुल संख्या कितनी है तथा वित्तीय वर्ष 2020—21 तथा 2021—22 में प्रत्येक रोजगार कार्ड धारकों को कितने दिनों का रोजगार प्रदान किया गया है; तथा

(ग) वित्तीय वर्ष 2020—21 तथा 2021—22 के दौरान जींद जिले में मनरेगा योजना के अंतर्गत पूरे किए गए कच्चे तथा पक्के कार्यों का गांव—वार ब्यौरा क्या है ?

......................

## रेलवे उपरि पुल का निर्माण

617. **श्री इंदुराज नरवाल, एम.एल.ए.**:– क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि गोहाना शहर में महम सड़क तथा बड़ोदा सड़क पर निर्मित किए जाने वाले रेलवे उपरि पुलों के निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए और जिसके लिए गत् 2 वर्षों से सर्वेक्षण किया जा रहा है तथा इन उपरि पुलों के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

.............................................

## पुलिस विभाग में अनुसूचित जाति वर्ग के बैकलॉग का ब्यौरा

622. **श्री रामकुमार गौतम, एम.एल.ए.**: क्या गृहमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में पुलिस विभाग में अनुसूचित जाति वर्ग के बैकलॉग का पदवार ब्यौरा क्या है तथा पुलिस विभाग में अनुसूचित जाति वर्ग के बैकलॉग को भरने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए तथा उठाए जाने वाले पगों का ब्यौरा क्या है?

..............................................

## पत्र का जवाब उपलब्ध करवाना

615. **श्री शमशेर सिंह गोगी, एम.एल.ए.**: क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि असंध विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में पंचायतों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जांच एवं ऑडिट के संबंध में पत्र दिनांक 30.07.2020. के माध्यम से उपायुक्त, करनाल से मेरे द्वारा मांगा गया जवाब/प्रतिवेदन कब तक उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ?

.....................

## अध्यापकों के रिक्त पदों को भरना

749. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि सोनीपत जिले के राजकीय विद्यालयों में अध्यापकों के रिक्त पदों का विद्यालयवार ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त पद कब से रिक्त हैं तथा इनके कब तक भरे जाने की संभावना है?

..................................

## राज्य में पंजीकृत किए गए बलात्कार तथा सामूहिक बलात्कार के मामलों की कुल संख्या

709. **श्री बलराज कुण्डू, एम.एल.ए.:** क्या गृहमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) वर्ष 2014 से 2021 के दौरान राज्य में पंजीकृत किए गए बलात्कार तथा सामूहिक बलात्कार के मामलों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त समयावधि के दौरान पुलिस द्वारा दर्ज किये गए बलात्कार तथा सामूहिक बलात्कार के मामलों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) उन मामलों की संख्या कितनी है जिनमें जांच पूरी कर ली गई है;

(घ) उन मामलों की संख्या कितनी है जिनमें आरोप पत्र दर्ज किए गए है;

(ड) उन मामलों की संख्या कितनी है जिनमें अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है; तथा

(च) वर्ष 2021 में राज्य में पंजीकृत किए गए बलात्कार तथा सामूहिक बलात्कार के मामलों का जिला—वार ब्यौरा क्या है?

.........................................

## सड़क की मुरम्मत/पुनः निर्माण करना

649. **श्री सुभाष गांगोली, एम.एल.ए.:** क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंग कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव खरक गागर से बुढ़ा खेड़ा तक की सड़क की मुरम्मत/पुनः निर्माण करने का कोई प्रस्ताव के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक मुरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

..........................................

## बादली–बुपानिया–लकसर ड्रेन को पक्का करना या पुनः निर्माण करना

632. **श्री कुलदीप वत्स, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बादली–बुपानिया–लकसर ड्रेन को पक्का करना या पुनर्निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

.....................

## अवैध निर्माणों की कुल संख्या

**725.** **श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) मथुरा रोड़ पर बदरपुर मेट्रो स्टेशन से बल्लभगढ़ मेट्रो स्टेशन तक अवैध निर्माणों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उपरोक्त अवैध निर्माणों पर सरकार की (टी.ओ.डी.) परागमन उन्मुख विकास नीति लागू न किए जाने के क्या कारण हैं; तथा

(ग) उपरोक्त अवैध निर्माणों को हटाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

...................................

## सड़कों का निर्माण करना

650. **श्री घनश्याम सर्राफ, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि भिवानी में सैक्टर 13 तथा 23 की सड़कों की हालत बहुत खराब है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

.........................................

## नियम 7—ए के अधीन क्षेत्र में भूमि के पंजीकरण के लिए प्रावधान

665. **श्री सुरेन्द्र पवांर, एम.एल.ए.**: क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोनीपत विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में जहां पर नियम 7—ए लागू है, उस क्षेत्र में भूमि का पंजीकरण आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सेवाओं के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

..................................................

## पैंशन पुनः बहाल करना

639. **श्री प्रदीप चौधरी, एम.एल.ए.**: क्या सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि उन व्यक्तियों की पेंशन जिनकी आय परिवार पहचान—पत्र के अनुसार रू0 200000/— से अधिक है, सरकार द्वारा बंद की जा रही है, यदि हां, तो उपरोक्त लाभार्थियों की पैंशन को पुनः बहाल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

.........................................

## सड़क का निर्माण करना

646. **श्री चिरंजीव राव, एम.एल.ए.**: क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा गांव खयालियावास से खातावाली तक सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

.........................................

## राक्षी तथा सरस्वती नदियों की खुदाई

656. **श्री मेवा सिंह, एम.एल.ए.**: क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या राक्षी एवं सरस्वती नदियों की सीमांकन करने के पश्चात् खुदाई करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

.................................................

## नगर निगम के आबंटित किए गए बजट का ब्यौरा

739. **श्री भारत भूषण बतरा, एम. एल. ए.**: क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) गत दो वर्षों में नगर निगम, रोहतक, हिसार तथा करनाल में सरकार द्वारा कुल कितना बजट आबंटित किया गया तथा उनके व्यय तथा आय का ब्यौरा क्या है तथा गत दो वर्षो में नगर निगम रोहतक, हिसार तथा करनाल में पूंजीगत निवेश तथा पूंजीगत व्यय का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) गत सात वर्षो के दौरान रोहतक शहर, हिसार तथा करनाल में नगर निगम द्वारा पुनर्निर्मित की गई 45—50 फीट से अधिक चौड़ी सड़कों की कुल संख्या कितनी है तथा उन पर कितनी राशि खर्च की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

.....................

## सिंचाई के लिए नहरी पानी

677. **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, एम. एल. ए.**: क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) सिरसा जिला में खेतों में सिंचाई के लिए नहरों में पानी कितने दिन छोडा जा रहा है; तथा

(ख) जिला सिरसा, फतेहाबाद, अम्बाला तथा करनाल के लिए नहरों में पानी की आपूर्ति करने की पूरी अनुसूचि क्या है ?

.....................

## भूमिगत बिजली केबल बिछाना

676. **श्रीमती रेनू बाला, एम. एल. ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के शहरी क्षेत्र में हुडा कॉलोनियों में भूमिगत बिजली की केबल को भूमिगत बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

......................

## विद्यालय भवनों का निर्माण करना

647. **श्रीमती गीता भुक्कल, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव मरोट, मुण्डाखेड़ा, झांसवा, खापड़वास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय कन्या प्राथमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय, झज्जर के विद्यालय भवनों को असुरक्षित घोषित किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालयों के भवनों को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

.........................................

## मुख्यमंत्री घोषणाओं की कुल संख्या

698. **चौधरी अभय सिंह चौटाला, एम. एल. ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य में गत 7 वर्षो से अब तक माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का वर्षवार तथा जिलावार ब्यौरा क्या है तथा पूरी की गई घोषणाओं की संख्या कितनी है तथा उन घोषणाओं की संख्या कितनी है जो प्रक्रियाधीन है ; तथा;

(ख) उन घोषणाओं की संख्या कितनी है जिन पर अब तक कार्य आरम्भ नहीं हुआ तथा उन घोषणाओं की कुल संख्या कितनी हैं जो व्यवहार्य नहीं है?

..............................

## वन क्षेत्र बढ़ाना

669. **श्री वरूण चौधरी, एम.एल.ए.:** क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई तथा उस पर अप्रैल, 2020 से अब तक कितनी राशि खर्च की गई ?

.....................

## चूककर्ता ऑलोटियों को अवसर देना

759. **श्री बिशन लाल सैनी, एम. एल. ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे–

(क) क्या यह तथ्य है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पंचकूला में रिहायशी तथा व्यवसायिक प्लॉटों के ऑलोटियों को, जो कोविड–19 महामारी की पहली लहर के दौरान किस्तों से चूक गए हैं, अपनी किस्तें अदा करने का अवसर दिया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या ऑलोटियों को, जो कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान किस्तों से चूक गए हैं, अपनी किस्तें अदा करने के लिए अवसर देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

.............................

## सड़कों पर टोल प्लाजों की कुल संख्या

695. **श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि वर्तमान में राज्य में सड़कों पर टोल टैक्स जमा करने वाल टोल प्लाजों की संख्या कितनी है तथा कर वसूलने वाले संगठनों पर कर वसूलने के लिए सरकार द्वारा लगाए गए सेवा एवं शर्ते क्या है तथा उनका ब्यौरा क्या हैं?

..................................

## सड़कों को मुरमम्त/पुनः निर्मित करना

689. **श्री घनश्याम दास अरोड़ा, एम.एल.ए.**: क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि यमुना नगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में निम्नलिखित क्षतिग्रस्त सड़कों को कब तक मुरम्मत/पुनः निर्मित किये जाने की संभावना हैः–

(i) यमुनानगर–जगाधरी, छछरौली–पौंटा रोड़ (फाऊटेन चौंक से अग्रसैन चौंक) (एसएच–6ए);
(ii) जगाधरी वर्कशॉप रोड़;
(iii) मुण्डा माजरा से गधौली;
(iv) कैत कलानौरा रोड़ से दड़वा;
(v) बाढी माजरा से तजाकपुर;
(vi) ई.एस.आई. अस्पताल से तेजली से कैत कलानौर सड़क तक; तथा
(vii) पावर हाऊस से हमीदा हैड से पान्जुपुर मोड़ तक?

..................................................

## सम्पति आई.डी. जारी करने के लिए समय सीमा

748. **श्री राकेश दौलताबाद, एम.एल.ए.**: क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) गुरूग्राम के सैक्टर 58 से 115 में संपत्ति आई.डी.के क्रियान्वन तथा जारी करने की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उन सभी सोसायटियों/गेटेड कॉलोनियों जहां सर्वेक्षण किया गया है या लंबित है, का सैक्टर–वार ब्यौरा क्या है, प्रत्येक सोसायटी में फ्लैटों/घरों की कुल संख्या कितनी है, सर्वेक्षण का क्षेत्र, सर्वेक्षण एजेंसी का नाम, सर्वेक्षण की तिथि तथा हस्तांतरण/बिक्री/विलेख पंजीकरण के लिए संपत्ति आईडी के अनिवार्य पंजीकरण के क्रियान्वयन से अब तक जारी की सम्पति की आई.डी. का सैक्टर वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा संपति आई.डी. जारी करने के लिए "सेवा का अधिकार" के तहत जिसके अन्तर्गत विभाग द्वारा अनुरोध को प्रक्रियाधीन किया जाना है, की कोई समय सीमा निश्चित की गई है?

......................................

## विद्यालय का दर्जा बढ़ाना

680. **श्री सीता राम यादव, एम. एल. ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे–

(क) क्या अटेली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव नावदी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय का दर्जा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बढ़ाने करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालय का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ?

......................

## उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देना

624. **डा० कृष्णलाल मिढ़ा, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) जींद जिले में उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि जींद में एच.एस.आई.आई.डी.सी. क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए?

.....................................

## कन्या महाविद्यालय खोलना

618. **श्री इंदुराज नरवाल, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि बड़ोदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप–चुनाव के दौरान गांव बड़ोदा तथा भैंसवाल कलां में कन्या महाविद्यालय खोलने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त महाविद्यालयों के कब तक खोले जाने की संभावना है?

...................................

## नियम 134–ए के अंतर्गत दाखिले की संख्या

616. **श्री शमशेर सिंह गोगी, एम.एल.ए.:**

**श्री बलराज कुण्डू, एम.एल.ए.:**

**श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:**

**श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियमों के नियम 134–ए के अंतर्गत चालू शैक्षणिक वर्ष के लिए राज्य के विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कितनी है;

(ख) उपरोक्त विद्यार्थियों में से प्रवेश पाने वाले छात्रों की संख्या कितनी है;

(ग) चालू वर्ष में प्रवेश नहीं पाने वाले शेष छात्रों के प्रवेश के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए;

(घ) उपरोक्त निर्धन विद्यार्थीयों को नियम 134–ए के अन्तर्गत प्रवेश न देने वाले विद्यालय/शिक्षा संस्थानों के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

..................................

## भगत फूल सिंह महिला चिकित्सा महाविद्यालय में ओ.पी.डी. की संख्या

750. **श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि गत् तीन वर्षों के दौरान भगत फूल सिंह महिला चिकित्सा महाविद्यालय में ओपीडी की संख्या में कमी आई है; यदि हां, तो इसके कारण तथा मासवार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त समय के दौरान भगत फूल सिंह महिला चिकित्सा महाविद्यालय से अन्य स्थानों पर रेफर किए जाने वाले मरीजों की मासवार संख्या कितनी है तथा रेफर किए जाने के कारण क्या है?

..............................

## पुलिस बल में रिक्त पदों को भरना

710. **श्री बलराज कुण्डू, एम.एल.ए.:** क्या गृहमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में पुलिस बल में महिला निरीक्षक, उप—निरीक्षक तथा सिपाही की कमी है; तथा

(ख) यदि हां, तो राज्य पुलिस बल में महिला निरीक्षक, उप निरीक्षक तथा सिपाही के रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है तथा उक्त रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए अथवा उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

................................

## सड़क की मुरम्मत/पुनः निर्मित करना

658. **श्री सुभाष गांगोली, एम.एल.ए.:** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गांव पिल्लूखेड़ा मण्डी से जींद—पानीपत सड़क की मुरम्मत/पुन निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक मुरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

..................................................

## नए मिनी सचिवालय भवन का निर्माण

633. **श्री कुलदीप वत्स, एम.एल.ए.:** क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :—

(क) क्या बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में नए मिनी सचिवालय भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त भवन के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

...................................

## चिकित्सकीय लापरवाही के मामलों की संख्या

**726. श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य में जनवरी, 2015 से 31 दिसम्बर, 2021 तक सरकार के संज्ञान में आए निजी तथा सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकीय लापरवाही के मामलों की जिला–वार संख्या कितनी है; तथा

(ख) चूक करने वाले अस्पतालों/व्यक्तियों के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

..................................

## सामुदायिक केन्द्र का निर्माण

651. **श्री घनश्याम सर्राफ, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या भिवानी में बूस्टिंग स्टेशन तथा बन्सीलाल पार्क के साथ लगती खाली जमीन पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा एक सामुदायिक केन्द्र निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

.........................................

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का ब्यौरा

666. **श्री सुरेन्द्र कुमार पंवार, एम.एल.ए.:** क्या आवासीय मंत्री कृपया बताएंगे कि सोनीपत विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक जिन्हें लाभ मिला है, उन लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है ?

......................

## स्टेडियम का निर्माण

640. **श्री प्रदीप चौधरी, एम.एल.ए.:** क्या खेलकूद एवं युवा मामलें राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में पिंजौर खण्ड के गांव चिक्कन में स्टेडियम निर्मित करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी परन्तु उक्त स्टेडियम अब तक नहीं बनाया गया है; यदि हां, तो उपरोक्त स्टेडियम का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

..........................................

## राष्ट्रीय राजमार्ग 09 पर अवैध ढाबे

740. **श्री भारत भूषण बतरा, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 09 पर आई.एम.टी. चौंक रोहतक से इस्माइला उपरि पुल तक ग्रीन बेल्ट तथा सरकारी भूमि पर ढाबे तथा अन्य ढांचों के अवैध निर्माण का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उपरोक्त सड़क पर किसी ढाबे/होटल/रेस्टोरेंट के निर्माण के लिए सरकार द्वारा कोई सी.एल.यू. जारी की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) उपरोक्त अवैध निर्माण को हटाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) पंजाब अनुसूचित सड़कों एवं नियंत्रित क्षेत्रों में अनियमित विकास पर प्रतिबंध अधिनियम 1962 के अनुसार उपरोक्त रोड़ तथा ग्रीन बेल्ट की चौड़ाई कितनी है?

..........................................

## आंगनवाडी श्रमिकों तथा सहायकों का वेतन

678. **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, एम.एल.ए.:** क्या महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2018 से अब तक के दौरान सरकार द्वारा आंगनवाड़ी श्रमिकों तथा सहायकों का कुल कितना वेतन बढ़ाया है तथा क्या सरकार द्वारा उपरोक्त कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार के आदेशों की पालना की गई है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

.....................

## पवित्र नदी की सफाई

687. **श्रीमती रेनू बाला, एम. एल. ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे–

(क) क्या पवित्र नदी महर्षि मारकण्डेश्वर को अन्य धार्मिक तथा पवित्र नदियों की तर्ज पर साफ करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त योजना के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है ?

.....................

चण्डीगढ़:
26 फरवरी, 2022.

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।